दिन– रविवार दिनांक– 02/03/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

वित्त वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए राज्य का आम बजट कल पेश किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी विधानसभा में बजट प्रस्तुत करेंगे। इससे पूर्व बजट सत्र के पहले दिन अट्ठाईस फरवरी को वित्तीय वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस का आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट पेश किया गया। जिसमें राज्य का बेहतर आर्थिक विकास दर दर्शाया गया है। वहीं, चार मार्च को राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा और सरकार का उत्तर होगा। पांच मार्च को बजट पर सामान्य विमर्श होगा। छह मार्च को बजट पर सामान्य विमर्श के साथ ही सरकार का उत्तर भी होगा। अट्ठाईस मार्च तक चलने वाले इस सत्र में कुल बीस बैठकें होंगी।

————————————————————————————

उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि केन्द्र की मोदी सरकार राज्य के तेज विकास के लिए प्रतिबद्ध है। श्री चौधरी ने आज सोशल मीडिया पोस्ट पर कहा कि एनडीए की डबल इंजन सरकार की ओर से राज्य में लगातार सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में पांच एक्सप्रेस–वे और चार हाई–स्पीड कॉरिडोर बनाये जा रहे हैं। श्री चौधरी ने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि दो हजार अट्ठाईस तक राज्य के किसी भी कोने से साढ़े तीन घंटे में राजधानी पटना पहुंचा जा सके।

————————————————————————————

पटना के जिलाधिकारी डॉक्टर चन्द्रशेखर सिंह ने कहा है कि जे.पी. गंगा पथ के विस्तार पर लगभग साढ़े सात हजार करोड़ से अधिक रूपये खर्च होंगे। इसकी मौजूदा लंबाई साढ़े बीस किलोमीटर से बढ़कर एक सौ बयालीस किलोमीटर हो जायेगी। इसका विस्तार कोईलवर के वीर कुंवर सिंह सेतु और पूरब में मोकामा तक किया जायेगा। डॉक्टर सिंह ने कहा कि पटना जिले में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा के दौरान लगभग एक खरब रूपये की बत्तीस योजनाओं को स्वीकृति दी गई है।

————————————————————————

पटना के श्री कृष्ण मेमोरियल हॉल में आज एक सामाजिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू और छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने संयुक्त रूप से किया। इस सम्मेलन में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर दिलीप जायसवाल समेत पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता उपस्थित हुए।

————————————————————————

भाकपा—माले की ओर से आज पटना के गांधी मैदान में पार्टी कार्यकर्ताओं की सभा आयोजित की गई। सभा में पार्टी के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य, राज्य सचिव कुणाल और अन्य वरिष्ठ नेता उपस्थित हुए।

————————————————————————

पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तर—पश्चिम, दक्षिण—पूर्व और मध्य भागों में कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा दर्ज की गई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज किशनगंज और वाल्मिकीनगर में सबसे कम न्यूनतम तापमान चौदह डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। विभाग के अनुसार अगले दो दिनों के बाद राज्य के अनेक भागों के अधिकतम तापमान में वृद्धि हो सकती है।

————————————————————————

रमज़ान का पवित्र महीना आज से शुरू हो गया है। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने पहला रोज़ा रखा है। इससे पहले कल चांद देखे जाने के बाद राजधानी पटना सहित राज्य की विभिन्न मस्जिदों में तरावही की नमाज शुरू हो गयी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दी है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में, श्री मोदी ने कहा कि रमज़ान का पवित्र महीना श्रद्धा और भक्ति का प्रतीक है और देशवासियों को करुणा, दया और सेवा के मूल्यों की भी याद दिलाता है। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी मुस्लिम धर्मावलंबियों को बधाई

और शुभकामनाएं दी हैं। रमजान को लेकर बाजारों की रौनक बढ़ गयी है। सेवई, सूखे मेवे और फल की दुकानों पर विशेष भीड़ देखी जा रही है।

———————————————————————

आईसीसी चौंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट में आज दुबई में भारत का सामना न्यूजीलैंड से हो रहा है। न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर भारत को पहले बैटिंग के लिए आमंत्रित किया है। ताजा समाचार मिलने तक भारत ने छह ओवरों में तीन विकेट खोकर तीस रन बना लिये हैं। इस मैच की विजेता टीम मंगलवार को सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी। वहीं, हारने वाली टीम का बुधवार को दक्षिण अफ्रीका से मुकाबला होगा।

———————————————————————

समाप्त